**कार्यालय लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश**
**संख्या–743/02/डी0आर0/एस–06/2025–26**
**प्रयागराज, दिनांकः 15 अप्रैल, 2026**

**विज्ञप्ति**

परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0 के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (विज्ञापन सं०–डी–6/ई–1/2025, विभाग सं०–एस–06/03) के 221 पदों पर चयन हेतु आयोग द्वारा आयोजित की जानी वाली स्क्रीनिंग परीक्षा (प्रस्तावित तिथि 04.10.2026) से संबंधित पाठ्यक्रम व परीक्षा योजना निम्नवत् हैः–

- परीक्षा अवधि दो घंटे की होगी।
- परीक्षा में 150 वस्तुनिष्ठ प्रकारक बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला एक प्रश्नपत्र होगा। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का होगा। गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का 1/3 (0.33 अंक) दण्ड के रूप में काटा जाएगा। प्रश्नपत्र निम्नानुसार दो भागों में विभक्त होगाः–

| भाग | विषय | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक | पूर्णांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | सामान्य अध्ययन | वस्तुनिष्ठ प्रकारक | 50 | 150 | 450 | 2 घंटे |
| II | समाजिक विज्ञान विषयक ज्ञान | वस्तुनिष्ठ प्रकारक | 100 | 300 | | |
| | | | प्रश्नों की कुल संख्या 150 | कुल अंक 450 | | |

**नोटः– स्क्रीनिंग परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) हेतु निर्धारित अंक 50 (पचास) है।**

2–प्रश्नगत परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(कमलेश चन्द)
उप सचिव।

# स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (स्क्रीनिंग) परीक्षा

## परीक्षा–योजना

| | |
|---|---|
| प्रश्नपत्र की संख्याः | एक। |
| प्रश्नपत्र का प्रकारः | वस्तुनिष्ठ प्रकारक। |
| प्रश्नपत्र का नामः | **सामान्य अध्ययन एवं सामाजिक विज्ञान विषयक ज्ञान** |
| प्रश्नों की संख्याः | 150 (सामान्य अध्ययन के 50 प्रश्न एवं सामाजिक विज्ञान विषयक ज्ञान के 100 प्रश्न) |
| पूर्णांकः | 450 (चार सौ पचास) अंक। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक 03 (तीन)। |
| समयावधिः | 02 (दो) घण्टा। |

स्क्रीनिंग परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) हेतु निर्धारित अंक 50 (पचास) हैं।

# Syllabus for The post of Swasthya Shiksha Adhikari Screening Exam

## Subject – General Studies

1. **History of India and Indian National Movement**:-
   Harappa Culture, Vedic Culture, Jainism and Buddhism, Maurya dynasty, Kushana dynasty, Gupta dynasty, Delhi Sultanate, Mughal Empire and Freedom Movement of India.
2. **Indian and World Geography :-**
   Indian Geography – General Introduction of Physical and cultural geography of India, Agriculture, Minerals, Different resources, Transportation and Urbanization in India, Ports of India, Environment and Pollution, Import and Export, General Geographical Introduction of Uttar Pradesh.
   World Geography – Physical Geography, Solar System, Lithosphere, Atmosphere, Hydrosphere, Biosphere, Human and Economic Geography, Environment and Sustainable Development.
3. **Indian Political System & Indian Constitution :-**
   Constitution of India, Federal System, Indian Political System, Constitutional and Statutory bodies, Local Self Governance in India, Political System of Uttar Pradesh.
4. **Indian Society and Economy:-**
   Issues and challenges of Indian Society; Modernization, Industrialization, Urbanization and Globalization; Approaches to economy; Economic reforms since independence; Policies and welfare measures for different sections; Aspects of health, Disease and Sanitation; State and Health Care; Human Ecology, Human Development and Sustainable Development; Environmental Movements and Concerns.
5. **Current Affairs of National and International Importance :–**
   Current affairs of national and international importance along with sports.
6. **Indian Agriculture:-**
   Production Technology of major crops in India, Integrated Pest Management (I.P.M.), Agricultural products and its marketing.
7. **General Science (up to class 10th Level) :–**
   Nutrition, Digestion, Nutritional deficiencies (Vitamins & Minerals), Diseases caused by Bacteria and Viruses, Photosynthesis, Medicinal Plants, DNA, RNA, Units, Measurements, Work, Energy, Surface Tension, Viscosity, Human eye, Mirror, Lenses, Electric Charge, Resistance, Magnetic field, Fundamental Particles of Atom, Isotopes, Isobars, Elements, Molecules, Metals, Non-Metals, Acids, Bases, Salts, Soaps, Detergents, Natural and Synthetic Sweeteners.
8. **Elementary Maths (up to Class 10th Level)** :–
   Real Numbers, Fundamental Theorem of Arithmetic, Polynomials, Pair of Linear equation in two variables, arithmetic progression, Triangles, Area related to circles, Surface area and Volumes.
9. **Community Medicine** :-
   National Health Mission, National Health Programs in India, Health Education and Behavior Change Communication (BCC), Community Mobilization and Resource Mobilization.

# स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पद हेतु पाठ्यक्रम
## स्क्रीनिंग परीक्षा

### विषय – सामान्य अध्ययन

1. **भारत का इतिहास एवं भारतीय स्वाधीनता संग्राम :–**
हड़प्पा संस्कृति, वैदिक संस्कृति, जैन एवं बौद्ध धर्म, मौर्य वंश, कुषाण वंश, गुप्त वंश; दिल्ली सल्तनत, मुगल साम्राज्य और भारत का स्वतंत्रता आन्दोलन।
2. **भारत एवं विश्व का भूगोल :–**
भारत का भूगोल – भारत का भौतिक एवं सांस्कृतिक परिचय, भारत में कृषि, खनिज, विविध संसाधन, परिवहन एवं नगरीकरण, भारत के बंदरगाह, पर्यावरण एवं प्रदूषण, आयात एवं निर्यात, उत्तर प्रदेश की सामान्य भौगोलिक जानकारी।
विश्व का भूगोल – भौतिक भूगोल, सौरमंण्डल, स्थलमण्डल, वायुमण्डल, जलमण्डल, जैवमण्डल, मानव एवं आर्थिक भूगोल, पर्यावरण एवं सतत विकास।
3. **भारतीय राजनीतिक व्यवस्था एवं भारतीय संविधान :–**
भारतीय संविधान, संघीय प्रणाली, भारतीय राजनीतिक प्रणाली, संवैधानिक एवं वैधानिक निकाय, भारत में स्थानीय स्वशासन, उत्तर प्रदेश की राजनीतिक व्यवस्था।
4. **भारतीय समाज एवं अर्थव्यवस्था :–**
भारतीय समाज के मुद्दे एवं चुनौतियाँ; आधुनिकीकरण, औद्योगीकरण, नगरीकरण एवं भूमण्डलीकरण; आर्थिकी के उपागम; आजादी के पश्चात आर्थिक सुधार; विभिन्न वर्गों के लिए नीतियॉ एवं कल्याणकारी उपाय; स्वास्थ्य के आयाम, बीमारी एवं स्वच्छता के पहलू; राज्य एवं स्वास्थ्य देखभाल; मानव पारिस्थितिकी, मानवीय विकास एवं सतत् विकास; पर्यावरण आंदोलन एवं चिंतायें।
5. **राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व की सम–सामयिक घटनायें :–**
खेल–कूद के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनायें।
6. **भारतीय कृषि :–**
भारत में प्रमुख फसलों की उत्पादन तकनीकी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन (आई.पी.एम.), कृषि उत्पाद एवं उनके विपणन।
7. **सामान्य विज्ञान** (कक्षा 10वीं स्तर तक):–
पोषण, पाचन क्रिया, पोषक तत्वों की कमी (विटामिन एवं खनिज), जीवाणुजनित और विषाणुजनित रोग, प्रकाश संश्लेषण, औषधीय पौधे, डी.एन.ए., आर.एन.ए., इकाई, माप, काम, ऊर्जा, पृष्ठ तनाव, श्यानता, मनुष्य की आँख, दर्पण, लेन्स, विद्युत आवेश, प्रतिरोध, चुम्बकीय क्षेत्र, परमाणु के मूलभूत कण, समस्थानिक, समभारिक, तत्व, अणु, धातु, अधातु, अम्ल, क्षार, लवण, साबुन, डिर्टेजेन्ट, प्राकृतिक एवं कृत्रिम मधुरक।
8. **प्रारम्भिक गणित** (कक्षा 10वीं स्तर तक):–
वास्तविक संख्या, अंकगणित के मूलभूत प्रमेय, बहुआयामी पद, दो चरों वाले रैखिक समीकरण युग्म, अंकगणितीय प्रगति, त्रिकोण, वृत्त से सम्बन्धित क्षेत्रफल, सतह क्षेत्र और आयतन।
9. **सामुदायिक चिकित्सा :–**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भारत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिक्षा एवं व्यवहार परिवर्तन संचार (बी.सी.सी.), सामूहिक गतिशीलता एवं संसाधन गतिशीलता।

# Syllabus for The post of Swasthya Shiksha Adhikari

## Screening Exam

Subject – Social Science Related Knowledge

1. **Sociology**

Health: meaning, theoretical dimensions - conflict, functional and interactionist. Health in India - rural and urban gap, malnutrition and poverty, sanitation problems.
Social dimensions of health; Social factors of health, economic status (rich vs poor), education, occupation, gender and caste, living conditions (urban vs rural).
Health and culture: food habits, hygiene practices, beliefs and behavior about disease, social responsibility towards illness.
social prejudice related to diseases (HIV, AIDS, CANCER) etc.
Health inequalities: class inequality, gender inequality, caste inequality, government policies related to health like Ayushman Bharat, NRHM and its impact on community.

2. **Anthropology**

Anthropology and its relevance and significance in social science; Human Variation: Tribal, Rural and Urban Population; Public Health : Definition, Parameters, Components, Human Diseases and Health, Genetic and Communicable Diseases, their eradication; Human Blood Groups : ABO, MN, Rh and their applications

3. **Psychology**

Meaning, methods, scope of psychology & goals, Heredity and Environment, Meaning and law of perception. Learning, Memory & forgetting – Classical & instrumental conditioning, Short-term and Long-term Memory, Causes of Forgetting, Nature & Theory of intelligence. Psychological assessment, Motivation & Personality - Psychological test, Criteria of motivated behavior, language development, Definition and type of personality. Problems of Contemporary society – Drug addiction, The Problems of aged, Stress & Health, Juvenile delinquency

4. **Social psychology**

Basic Human values and attitude: nature, sources and features of values. Nature, formation and function of attitudes.

Social Control: Purpose, causes and agencies. Social Change: Problems, causes and theories.

Communication and persuasive communication: nature, theories, determinants and resistance to persuasion. Social interaction and interpersonal attraction.

Community health : Nature, types and role of community health. Nature and types of counseling, Yoga and health.

**5. Political Science**

Indian Constitution: preamble, fundamental rights, directive principles of state policy, fundamental duties.

Government and Politics: Parliament and state legislature- function, power, privileges; Executive- President, Prime Minister, Council of Ministers, Governor and Chief Minister.

Judiciary: Supreme Court and High Court- structure and power.

Local Self Government: Panchayat Raj/Municipalities

Constitutional bodies : Election Commission, Finance Commission, Union Public Service Commission, Comptroller and Auditor General.

Governance and Public Policy : Role of government, non-governmental organizations and civil society organisations in development of social sectors.

**6. Geography**

Meaning and significance of Health geography; Geographical factors affecting human health & diseases - physical, social, economic and environmental.

Impact of environmental degradation and natural disaster on human health and its management.

Classification of genetic, communicable, non-communicable diseases. Geography of hunger, malnutrition and food security.

Pattern of distribution of major diseases worldwide and in India. Health care planning and policies of India.

**7. History**

Vedic Literature, Mauryan and Kushana Art, Stupa and Temple Architecture.

Significant events of Modern Indian History specially freedom struggle.

Integration of Princely States and re-organization of States after Independence.

Important events of World history between 18th and 20th century – French revolution, Industrial revolution, First and Second world war : causes and effects.

**8. Economics**

National income, Economic indicators - poverty, unemployment, inequality and human development index (HDI). Types of healthcare goods, role of health and education in sectoral composition.

Demography: Population, rural-urban migration and health services, malnourishment and its types and environmental health.

Health governance : role of NITI Ayog, panchayati raj Institutions and urban local bodies in health governance.

Healthcare Infrastructure: health facilities centres, rural health workforce, digital and mobile health infrastructure.

# स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी पद हेतु पाठ्यक्रम
## स्क्रीनिंग परीक्षा
## विषय – सामाजिक विज्ञान विषयक ज्ञान

**1. समाजशास्त्र**

स्वास्थ्य : अर्थ, सैद्धान्तिक आयाम – संघर्ष, प्रकार्यात्मक और अन्तःक्रियावादी।

भारत में स्वास्थ्य– नगरीय एवं ग्रामीण अन्तर, कुपोषण एवं गरीबी, स्वच्छता समस्यायें।

स्वास्थ्य के सामाजिक आयाम, स्वास्थ्य के सामाजिक कारक, आर्थिक प्रस्थिति (अमीर बनाम गरीब), शिक्षा, व्यवसाय, लिंग एवं जाति, रहने की दशायें (नगरीय बनाम ग्रामीण)।

स्वास्थ्य एवं संस्कृति : खान–पान, स्वच्छता की आदतें, बीमारी के प्रति दृष्टिकोण,, विश्वास एवं व्यवहार, बीमारी के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व।

बीमारी के प्रति सामाजिक पूर्वाग्रह (एचआईवी, एड्स, कैंसर) इत्यादि।

स्वास्थ्य असमानतायें : वर्ग असमानता, लिंग असमानता, जाति असमानता, बीमारी संबंधी सरकारी योजनायें–आयुष्मान भारत, एनआरएचएम इत्यादि।

**2. मानव विज्ञान**

मानव विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में इसकी सार्थकता एवं महत्व, मानव विविधता : जनजातीय, ग्रामीण और शहरी जनसंख्या, जन स्वास्थ्य : परिभाषा, मापदण्ड, अवयव, मानव रोग और स्वास्थ्य : आनुवंशिक और संचारी रोग और इनका उन्मूलन, मानव रक्त समूह : ए बी ओ, एम एन, आर एच और इनकी उपयोगिता।

**3. मनोविज्ञान**

मनोविज्ञान का अर्थ, विधियाँ, विषय क्षेत्र एवं लक्ष्य, आनुवंशिकता तथा पर्यावरण, प्रत्यक्षीकरण का अर्थ एवं नियम। अधिगम, स्मृति एवं विस्मरण – प्राचीन एवं नैमित्तिक अनुबन्धन, अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक स्मृति, विस्मरण के कारण, बुद्धि की प्रकृति एवं सिद्धांत। मनोवैज्ञानिक आकलन, अभिप्रेरणा एवं व्यक्तित्व – मनोवैज्ञानिक परीक्षण, अभिप्रेरित व्यवहार की कसौटी, भाषा विकास, व्यक्तित्व की परिभाषा एवं प्रकार। समकालीन समाज की समस्यायें – मादक द्रव्य व्यसन, वयोवृद्धों की समस्याऐं, अवसाद, तनाव एवं स्वास्थ्य, बाल अपराध।

**4. सामाजिक मनोविज्ञान**

मूलभूत मानव मूल्य एवं मनोवृत्ति : स्वरूप, स्रोत एवं मूल्यों की विशेषताॉएं।

मनोवृत्ति के स्वरूप निर्माण एवं प्रकार्य।

सामाजिक नियंत्रण : उद्देश्य, कारण एवं संसाधन। सामाजिक परिवर्तन की समस्यायें, कारण एवं सिद्धांत।

सम्प्रेषण एवं अनुनयात्मक सम्प्रेषण : स्वरूप, सिद्धांत निर्धारक तथा अनुनयशीलता प्रतिरोध। सामाजिक अन्तःक्रियायें तथा अन्तःवैयक्तिक आकर्षण।

सामुदायिक स्वास्थ्य : सामुदायिक स्वास्थ्य का स्वरूप, प्रकार एवं भूमिका तथा परामर्श, परामर्श का स्वरूप एवं प्रकार, योग तथा स्वास्थ्य।

**5. राजनीति विज्ञान**

भारतीय संविधान : प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत, मौलिक कर्तव्य।

सरकार और राजनीति : संसद और राज्य विधानमंडल– कार्य, शक्ति, विशेषाधिकार; कार्यपालिका– राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद, राज्यपाल और मुख्यमंत्री।

न्यायपालिका : सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय– संरचना और शक्ति।

स्थानीय स्वशासन : पंचायती राज / नगरपालिकाएं।

संवैधानिक निकाय : निर्वाचन आयोग, वित्त आयोग, संघ लोक सेवा आयोग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक।

शासन और सार्वजनिक नीति : सामाजिक क्षेत्र के विकास में सरकार, गैर–सरकारी संगठन तथा नागरिक समाज संगठनों की भूमिका।

**6. भूगोल**

स्वास्थ्य भूगोल का अर्थ और महत्व, मानव स्वास्थ्य एवं रोगों को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारक – भौतिक, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय।

पर्यावरणीय अवनयन और प्राकृतिक आपदाओं का मानव स्वास्थ पर प्रभाव एवं उनका प्रबंधन।

आनुवंशिक, संचारी एवं गैर–संचारी रोगों का वर्गीकरण। भूख एवं कुपोषण का भूगोल तथा खाद्य सुरक्षा।

विश्व तथा भारत में प्रमुख रोगों के वितरण का प्रतिरूप। भारत की स्वास्थ्य देखभाल नियोजन और नीतियां।

**7. इतिहास**

वैदिक साहित्य, मौर्य और कुषाण कालीन कला, स्तूप और मंदिर स्थापत्य।

आधुनिक भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनायें–विशेषतः स्वतंत्रता संघर्ष।

स्वतंत्रता के बाद भारतीय रियासतों का विलय और राज्यों का पुनर्गठन।

18 वीं से 20 वीं शताब्दी के मध्य विश्व इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाऐं – फ्रांसीसी क्रांति, औद्योगिक क्रांति, प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के कारण और परिणाम।

**8. अर्थशास्त्र**

राष्ट्रीय आय, आर्थिक सूचकांक – गरीबी, बेरोजगारी, असमानता और मानव विकास सूचकांक (HDI)।

स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधित वस्तुओं के प्रकार, क्षेत्रीय संरचना में स्वास्थ्य और शिक्षा की भूमिका। जनांकिकी : जनसंख्या, ग्रामीण–शहरी प्रवासन और स्वास्थ्य सेवाएं, कुपोषण और उसके प्रकार तथा पर्यावरणीय स्वास्थ्य। स्वास्थ्य शासन : नीति आयोग, पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकायों की स्वास्थ्य शासन में भूमिका। स्वास्थ्य सुरक्षा की आधारभूत संरचना : स्वास्थ्य सुविधा केंद्र, ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यबल, डिजिटल और मोबाइल स्वास्थ्य अवसंरचना।